देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका

NST

शानदार 32वां वर्ष

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

दिसंबर-2025, अंक-6

न्यूज़ मैग्ज़ीन

मूल्य ₹25



## खेलों की दुनिया में अहमदाबाद शहर का कद बढ़ा

commonwealth games AHMEDABAD 2030

## नरेन्द्र मोदी सरकार की बड़ी कूटनीतिक जीत

# 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिली

# बधाई हो भारत

**एएफसी फुटबॉल :** अहमदाबाद बना भारत के लिए 'लकी' शहर

**अजलान शाह हॉकी :** भारत फाइनल में फिसला, बेल्जियम ने जीता खिताब

**डब्ल्यूपीएल** की मेगा नीलामी में सबसे महंगी बिकी दीप्ति शर्मा

## भोपाल में बन रहा है देश का सबसे बड़ा इनडोर घुड़सवारी एरिना

### भारत ने दृष्टिबाधित महिला विश्व कप जीत रचा इतिहास





भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट

### 408 रन से शर्मनाक हार

### महिला विश्वकप कबड्डी 2025 भारतीय महिलाएं फिर श्रेष्ठ



आरएनआई नंबर: 69917/94 डाक पंजीयन म.प्र. / भोपाल / 607 / 2024-26 / 4 तारीख को प्रकाशित / डाक पोस्टिंग 5 तारीख

Email: nationalsportstimes@yahoo.com, nationalsportstimes@gmail.com Website: nationalsportstimes.org

नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

पंजीयन संख्या (आरएनआई): 69917/94, डाक पंजी. न. मप्र/भोपाल/607/2024-26

■ वर्ष-32 ■ अंक-6 ■ क्रमांक-302 ■ दिसंबर-2025 ■ मूल्य-25 रूपये

## संपादकीय मंडल

प्रधान संपादक : इन्द्रजीत मौर्य
कार्यकारी संपादक : सुरेश कुमार
प्रबंधक : मयूरी मौर्य
विज्ञापन प्रबंधक : अजय मौर्य
विज्ञापन सहायक : रामेश्वर भार्गव
डिजाइनिंग : सुरेन्द्र डहारे
फोटो जर्नलिस्ट : मनीष शुक्ला
कार्टूनिस्ट : वीरेंद्र कुमार ओगले

## सलाहकार संपादक

- अरुणेश्वर सिंहदेव
- समीर मिरीकर
- अरुण भगोलीवाल
- सुशील सिंह ठाकुर
- आशीष पाण्डे
- राजीव सक्सेना
- शांति कुमार जैन
- शंकर मूर्ति

## विशेष संवाददाता / समीक्षक

हरेंद्र नागेश साहू, हरीश हर्ष, चरनपालसिंह सोबती, वीरेन्द्र शुक्ल, सरिता अरगरे, मोहन द्विवेदी, मोहम्मद ईशाउद्दीन, धर्मेश यशलाहा, दामोदर आर्य, डॉ. मुनीष राणा, प्रशांत सेंगर, सुदेश सांगते, डॉ. प्रशांत मिश्रा, विजय रांगणेकर, अनुराग मिश्रा, अमरनाथ, मो. अफरोज, दीपक शर्मा, आत्माराम भाटी।

## संपादकीय कार्यालय

बी-10, छत्रपति नगर, अयोध्या बायपास, भोपाल
फोन : 0755-4218892,
मोबाइलः 094250-25727, 8349994166

**पंजीयन कार्यालय :** ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, भोपाल, मप्र-462023,

E-Mail: nationalsportstimes@Yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com

फोटो स्रोतः इंटरनेट, सोशल मीडिया, अखबार एवं ब्यूरो कार्यालय

## ब्यूरो कार्यालय

इंदौर, उज्जैन, नागदा, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, बुरहानपुर, धार, जबलपुर, ग्वालियर, दतिया, रीवा, सतना, खण्डवा, खरगोन, शहडोल, छिंदवाड़ा, सागर, छतरपुर, होशंगाबाद, बैतूल, इटारसी, रतलाम, शिवपुरी, ललितपुर, झाँसी, नागपुर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, मुंबई, रत्नागिरी, कोलहापुर, पूना, जलगाँव, दिल्ली, नोएडा, हरियाणा, लुधियाना, जालंधर, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, गोरखपुर, मिर्जापुर, जयपुर, पटना, नैनीताल, देहरादून, कुमाऊ, गाजियाबाद, एंगुल (उड़ीसा), ऊना, शिमला, भुवनेश्वर।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक इन्द्रजीत मौर्य द्वारा सुलेख आफसेट प्लाट नं. 150, एल-5, मनोरमा काम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल से मुद्रित तथा ई-197, मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, राज होम्स कॉलोनी, भोपाल से प्रकाशित। संपादक इन्द्रजीत मौर्य।

खेल पत्रिका में प्रकाशित लेखों की जिम्मेदारी लेखक की है। प्रकाशक एवं संपादक का लेखक से सहमत होना अनिवार्य नहीं है। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।



33 भारत-द.अफ्रीका टी20 सीरीज

## टी20 विश्व कप की तैयारियों पर होगा जोर

## अंदर के पन्नों पर

| | |
|---|---|
| फुटबॉल विश्वकप काउनडाउन-1 | 11 |
| सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी | 13 |
| भारतीय महिलाएं फिर श्रेष्ठ | 14 |
| हासिए पर भारतीय फुटबॉल | 16 |
| विश्व मुक्केबाजी कप | 17 |
| टूटेगा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम | 19 |
| सम्राट रविन्दर और ईशा का यादगार प्रदर्शन | 21 |
| एक साल बाद लक्ष्य की खिताबी जीत | 24 |
| श्रेयशी सिंह बनी बिहार की खेलमंत्री | 26 |
| डब्ल्यूपीएल- सबसे महंगी बिकी दीप्ति | 33 |
| आईपीएल 2026 की नीलामी अबुधाबी में | 38 |
| विश्व कप सफलता के पीछे आकांक्षा भी | 44 |

**Website: www.nationalsportstimes.org**

# विराट अब तक लगा चुके हैं 102 शतक

**विराट** कोहली 37 साल के हो चुके हैं और अब उनका क्रिकेट करियर अंतिम पड़ाव पर है। टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से वो संन्यास ले चुके हैं और अब भारत के लिए सिर्फ वनडे प्रारूप में ही खेल रहे हैं। वनडे में वो कमाल की बैटिंग कर रहे हैं जिसका नमूना रांची में 30 नवंबर को देखने मिला। कोहली ने रांची में अपने वनडे करियर का 52वां शतक लगाया जबकि इंटरनेशनल क्रिकेट में ये उनका 83वां शतक रहा। यही नहीं कोहली के ओवरऑल क्रिकेट करियर का ये 102वां शतक था। कोहली अब तक अपने क्रिकेट करियर में 40 हजार से ज्यादा रन बना चुके हैं और इसी से समझ में आता है कि उनका नाम आखिर रन मशीन क्यों पड़ा। विराट कोहली ने अपने क्रिकेट करियर में अब तक 102 शतक लगाए हैं। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 37 शतक, लिस्ट ए में 56 सेंचुरी तो वहीं टी20 क्रिकेट में अब तक 9 शतक लगाए हैं। कोहली के फर्स्ट क्लास क्रिकेट, लिस्ट ए क्रिकेट और टी20 क्रिकेट के शतकों को जोड़ दिया जाए तो इसकी संख्या 102 हो जाती है यानी शतकों का शतक वो पूरा कर चुके हैं।



**विराट कोहली के नाम है 40 हजार से ज्यादा रन :** विराट कोहली के रन की बात करें तो उन्होंने 156 फर्स्ट क्लास मैचों में 11,485 रन बनाए हैं जबकि 340 लिस्ट ए मैचों में उनके नाम पर 15,8 32 रन दर्ज हैं। इसके अलावा 414 टी20 मैचों में उन्होंने 13,543 रन बनाए हैं। तीनों फॉर्मेट में अगर उनके रनों की संख्या को जोड़ दिया जाए तो ये 40,8 60 हो जाता है यानी अब तक 910 मैच खेल चुके कोहली इतने रन बना चुके हैं। अब अपने क्रिकेट करियर में इतने रन बना चुके कोहली को रन मशीन नहीं कहा जाए तो क्या कहा जाए। वैसे कोहली अभी वनडे खेल रहे हैं साथ ही आईपीएल में भी अभी वो खेलेंगे तो उनके रनों की संख्या में और इजाफा होगा।

मेरी बात...



इन्द्रजीत मौर्य
प्रधान संपादक

# खेलों की दुनिया में अहमदाबाद शहर का कद बढ़ा

**2030** राष्ट्रमंडल खेलों की अधिकारिक तौर पर मेजबानी मिलते ही अहमदाबाद शहर खेलों की दुनिया में सुर्खियों में आ गया है। साथ ही यह शहर खेल मंत्रालय दिल्ली के साथ इन खेलों की तैयारियों में भी जूट गया है। बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। खेलों के इस भव्य आयोजन को लेकर बजट की चर्चा भी तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन खेलों की मेजबानी मिलते ही देशवासियों और खिलाड़ियों को बधाई दी है। उनका कहना है कि भारत इन खेलों को पिछले राष्ट्रमंडल की अपेक्षा काफी बड़े स्तर पर आयोजित करेगा। राष्ट्रमंडल खेल 2030 में अपने 100 साल भी पूरे कर रहे हैं लिहाजा यह संस्करण विशेष रहने वाला है। भारत के लिए राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी हासिल करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दौड़ में भी है और अहमदाबाद को ही मेजबान शहर के रूप में पेश किया गया है। भारत ने इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया था, लेकिन 2030 में इन खेलों को अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा जिसने पिछले एक दशक में अपने खेल ढांचे को नए स्तर तक पहुंचाया है। राष्ट्रमंडल खेल बोर्ड ने मूल्यांकन समिति की देखरेख में एक प्रक्रिया पूरी करने के बाद भारत को मेजबानी देने की सिफारिश की थी। इसने मेजबानी के दावेदार शहरों का तकनीकी वितरण, खिलाड़ियों के अनुभव, बुनियादी ढांचे, प्रशासन और राष्ट्रमंडल खेल मूल्यों के साथ अनुकूलता के आधार पर मूल्यांकन किया था।

अहमदाबाद ने हाल के महीनों में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप, एशियाई एक्वेटिक्स चैंपियनशिप और फुटबॉल के एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2026 क्वालिफायर की सफल मेजबानी की है। इतना ही नहीं यह शहर अगले साल एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप और एशिया पैरा-तीरंदाजी कप की मेजबानी करेगा। इसके अलावा 2029 में विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल अहमदाबाद, गांधीनगर और एकता नगर में आयोजित किए जाएंगे। क्रिकेट के बड़े आयोजन के लिए भी अहमदाबाद पहली पसंद बनता जा रहा है। आईपीएल 2022, 2023 और 2025 का फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कराया गया था। वहीं, 2023 वनडे विश्व कप का फाइनल भी इस स्टेडियम पर हुआ था। अब अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप का खिताबी मुकाबला भी इसी शहर में होना तय किया गया, बशर्ते पाकिस्तान फाइनल में ना पहुंचे। अगर पाकिस्तान इस वैश्विक टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचता है तो खिताबी मैच कोलंबो में खेला जाएगा। सरदार वल्लभभाई पटेल खेल परिसर उन प्रमुख स्थलों में से एक है, जिसको इन खेलों के लिए तैयार किया जा रहा है। इनमें एक लाख से अधिक दर्शकों की क्षमता वाला नरेन्द्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम भी शामिल है। इसके अलावा इस परिसर में एक जलक्रीड़ा केंद्र और एक फुटबॉल स्टेडियम के साथ-साथ इनडोर खेलों के लिए दो मैदान भी होंगे। इस परिसर के अंदर 3,000 लोगों के रहने की क्षमता वाला खेल गांव भी बनाया जाएगा। राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलते ही गुजरात के अहमदाबाद शहर का कद खेलों की दुनिया में काफी बढ़ गया है। यहां 2036 ओलंपिक खेलों के आयोजन की भी खूब चर्चा पिछले एक साल चल रही है।

विशेष

# रवींद्र जडेजा ने टेस्ट में हासिल की विशेष उपलब्धि

**भारतीय** टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने कोलकाता में द.अफ्रीका के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट मैच की पहली पारी के दौरान विशेष उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। जडेजा टेस्ट क्रिकेट में 4000 रन और 300 विकेट लेने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। दुनिया के शीर्ष ऑलराउंडर जडेजा ने यह उपलब्धि कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन हासिल की है। जडेजा टेस्ट प्रारूप में यह उपलब्धि हासिल करने वाले कपिल देव के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। अपना 88वां टेस्ट मैच खेल रहे जडेजा को 4000 टेस्ट रन पूरे करने के लिए 10 रनों की जरूरत थी। कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन जैसे ही उन्होंने 10 रन बनाए, उनके टेस्ट में 4000 रन पूरे हो गए और जडेजा इस विशेष सूची में शामिल हो गए। जडेजा से पहले कपिल देव, इयान बाथम और डेनियल विटोरी टेस्ट में 4000 रन और 300 विकेट लेने की उपलब्धि अपने नाम कर चुके हैं।

रविंद्र जडेजा पिछले कुछ समय से लगातार अपने बल्ले से कमाल करते नजर आ रहे हैं। उनका प्रदर्शन उनके आंकड़ों में साफ झलक रहा है। उन्होंने 88 टेस्ट मैच अभी तक भारत के लिए खेले हैं और उनके नाम 400 से अधिक रन और 338 विकेट दर्ज हो चुके हैं। वनडे क्रिकेट में भी अभी वह एक्टिव हैं और उनके नाम 204 मैचों में 2806 रन और 231 विकेट दर्ज हैं। पिछले साल भारत के टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद जडेजा ने रोहित और विराट के बाद टी20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट ले लिया था। आईपीएल का वह अभी भी हिस्सा हैं और अगले साल राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते नजर आएंगे।





**टेस्ट क्रिकेट में 4000 रन और 300 प्लस विकेट**

| खिलाड़ी | मैच | रन | विकेट |
|---|---|---|---|
| कपिल देव (भारत) | 131 | 5248 | 434 |
| डैनियल वेटोरी (न्यूजीलैंड) | 113 | 4531 | 362 |
| इयान बॉथम (इंग्लैंड) | 102 | 5200 | 383 |
| रविंद्र जडेजा (भारत) | 88 | 4001* | 338* |